न्यूज फटाफट

ठाकुर राम सिंह जयंती समारोह कल से

हमीरपुर। ठाकुर राम सिंह राज्य स्तरीय जयंती समारोह का आयोजन 14 व 15 फरवरी को ठाकुर जगदेव चंद स्मृति शोध संस्थान नेरी हमीरपुर में हिमाचल कला संस्कृति भाषा अकादमी शिमला के संयुक्त तत्वावधान में किया जाएगा। शोध संस्थान नेरी के महासचिव भूमिदत्त शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर दो दिवसीय राष्ट्रीय परिसंवाद 'स्वतंत्रता संग्राम में हिमाचल प्रदेश का योगदान' विषय पर आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रो. प्रेम कुमार धूमल पूर्व मुख्यमंत्री राष्ट्रीय परिसंवाद में मुख्यातिथि रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. कुलदीप चंद अग्निहोत्री कुलपति हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला करेंगे। प्रो. सिकंदर कुमार कुलपति हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला एवं प्रो. एसपी बंसल, कुलपति हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय, हमीरपुर हिप्र., विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। 15 फरवरी को जयंती समारोह पर सार्वजनिक कार्यक्रम में गोविंद सिंह ठाकुर शिक्षा मंत्री मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे व कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक कमलेश कुमारी करेंगी।

प्रथम वर्ष के छात्रों को भी मिले हॉस्टल सुविधा

हमीरपुर। एनएसयूआई के प्रदेश महासचिव टोनी ठाकुर की अगुआई में छात्र संघ ने शुक्रवार को हमीरपुर कॉलेज प्राचार्य को छात्रों की परेशानियों को लेकर ज्ञापन सौंपा।इस दौरान छात्र संघ ने प्रथम वर्ष के छात्रों को हॉस्टल सुविधा प्रदान किए जाने की मांग उठाई। टोनी ठाकुर ने कहा कि हॉस्टल सुविधा न होने के कारण कई दूर-दराज के छात्रों को परेशान होना पड़ रहा है। छात्र संघ ने ऑफलाइन एग्जाम में सिलेब्स को कम करने की भी मांग को भी प्राचार्य के सामने रखा है। इस मौके पर टोनी ठाकुर के अलावा शिवम धीमान, शुभम, सौरभ, सिकंदर, विशाल मौजूद रहे।

ग्वाल पत्थर में महिलाओं ने सीखा मशरूम उत्पादन

नादौन। स्वरोजगार संस्थान पीएनबी आरसेटी हमीरपुर द्वारा गांव करडी पंचायत ग्वाल पत्थर नादौन में लगाए गए मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण शिविर कार्यक्रम का समापन अविनेस्वर सिंह एजीएम आरबीआई और एलडीएम पीएनबी गुरचरण सिंह भट्टी द्वारा किया गया। पीएनबी आरसेटी द्वारा लगाए गए शिविर में 33 महिलाओं ने मशरूम उत्पादन के गुर सीखे। कार्यक्रम के अंत में सभी महिलाओं को प्रमाण पत्र वितरित गए।

सरगवाड़ में बच्चों और महिलाओं का रक्त जांचा

हमीरपुर। पोषण अभियान और एनीमिया रोधी अभियान के तहत शुक्रवार को भोरंज उपमंडल के गांव सरगवाड़ में महिला एवं बाल विकास विभाग और आयुष विभाग ने स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। शिविर के दौरान डॉ. मुनीष रावत, डॉ. अनूप और फार्मासिस्ट राकेश कुमार ने बच्चों, किशोरियों और महिलाओं के रक्त की जांच की। बाल विकास परियोजना अधिकारी जीत राम चौधरी ने पोषण अभियान और महिला एवं बाल विकास विभाग की योजनाओं की जानकारी दी। शिविर के आयोजन में पर्यवेक्षक रवि कुमार और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सरोज कुमारी का योगदान रहा।

डीसी ने जनमंच की तैयारियों का जायजा लिया

हमीरपुर। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला झगडियानी में 14 फरवरी को आयोजित किए जाने वाले जनमंच की तैयारियों का जायजा लेने के लिए डीसी देवाश्वेता बनिक ने शुक्रवार शाम को आयोजन स्थल का दौरा किया। आयोजन स्थल के निरीक्षण के बाद डीसी ने विभिन्न प्रबंधों के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। इस अवसर पर डीसी के साथ एडीएम जितेंद्र सांजटा, एसडीएम डॉ. चिरंजी लाल चौहान, बीडीओ अस्मिता ठाकुर उपस्थित थे।

डीएवी भड़ोली में हवन का आयोजन

नादौन। डीएवी भड़ोली स्कूल में हवन यज्ञ किया गया। प्रधानाचार्य सुरजीत कुमार राणा ने अध्यापकों सहित सर्वप्रथम महर्षि दयानंद की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन समर्पित किए। इस विशेष अवसर पर ऑनलाइन गतिविधियों का आयोजन कक्षा एलकेजी से दूसरी तक के विद्यार्थियों के लिए गायत्री मंत्रोच्चारण गतिविधि का आयोजन किया। विद्यालय के संगीत अध्यापकों ने महर्षि दयानंद पर भक्ति गीत गाकर सबको मंत्र मुग्ध कर दिया।

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह पर नादौन में निकाली रैली

नादौन।राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत परिवहन विभाग द्वारा एसडीएम कार्यालय परिसर नादौन में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी वीरेंद्र शर्मा की अगुआई में आयोजित इस कार्यक्रम में एचआरटीसी उपाध्यक्ष विजय अग्निहोत्री बतौर मुख्यातिथि तथा एसडीएम विजय धीमान बतौर अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान युवाओं ने शहर भर में एक रैली का आयोजन किया। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी वीरेंद्र शर्मा ने यातायात नियमों के प्रति युवाओं को जागरूक किया।

हिमाचल क्रिकेट टीम विजय हजारे टूर्नामेंट के लिए रवाना

नादौन। बीसीसीआई द्वारा आयोजित की जा रही विजय हजारे ट्रॉफी में भाग लेने के लिए हिमाचल की टीम जयपुर के लिए नादौन से रवाना हुई। जिला हमीरपुर क्रिकेट संघ के सचिव अनिल भाटिया ने बताया कि यह प्रतियोगिता 19 फरवरी से प्रारंभ होकर 14 मार्च को समाप्त होगी। उन्होंने बताया कि 13 तारीख को प्रदेश की टीम जयपुर पहुंचेगी। टीम के मैनेजर नरेंद्र अत्री होंगे। तीन सदस्यीय चयन समिति ने 22 सदस्यीय दल का चयन करते हुए खिलाड़ी ऋषि धवन को कप्तानी सौंपी है।

डॉ. राधाकृष्णन मेडिकल कॉलेज में अलंकरण समारोह

हमीरपुर। डॉ. राधाकृष्णन राजकीय मेडिकल कॉलेज हमीरपुर के नए बैच का व्हाइट कोट अलंकरण समारोह शुक्रवार को आयोजित किया गया। समारोह के दौरान प्रधानाचार्य डॉ. रितु शिटक ने एमबीबीएस कोर्स के नए बैच के विद्यार्थियों को व्हाइट कोट प्रदान किए। इस अवसर पर डॉ. रितु शिटक ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी। इस दौरान रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर प्रोफेसर डॉ. पीके सोनी, प्रोफेसर डॉ. आरएस शर्मा, प्रोफेसर डॉ. मदन लाल, कॉलेज के सभी विभागों के विभागाध्यक्ष, प्रोफेसर एवं डॉक्टर भी उपस्थित थे।

बस्सी में जनमंच 14 को, ऊर्जा मंत्री होंगे मुख्यातिथि

बिलासपुर। बिलासपुर के उपायुक्त रोहित जम्वाल ने बताया कि लोगों की समस्याओं का घर द्वार पर समाधान सुनिश्चित करने के लिए श्री नयना देवी विस क्षेत्र के तहत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बस्सी के प्रागंण में 14 फरवरी को जनमंच कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जनमंच कार्यक्रम की अध्यक्षता ऊर्जा मंत्री सुख राम चौधरी करेंगे।

घर से सरकारी सीमेंट की 70 बोरियां बरामद

सुजानपुर। सरकारी सीमेंट का अपने घर पर अवैध तरीके से इस्तेमाल करते हुए एक व्यक्ति से 70 बोरी सीमेंट बरामद हुआ है। जानकारी के अनुसार विनोद कुमार पुत्र ज्ञान चंद निवासी वार्ड नं. 6 बल्ला राठियां तहसील सुजानपुर जिला हमीरपुर ने अपने मकान का कार्य लगाया था जिससे सरकारी सीमेंट एसीसी की 90 बोरियां मौके पर विनोद कुमार के घर से बरामद हुई हैं। पुलिस मामला दर्ज कर छानबीन कर रही है।

हिमाचल दस्तक की खबरें पढ़ें अब एक क्लिक पर। अभी लॉगिन करें **www.himachaldastak.com**
epaper.himachaldastak.com

चारा लाने गए व्यक्ति की मौत

गलोड़ में पानी का नालू नामक स्थान पर झाड़ियों में मिला शव

हिमाचल दस्तक। गलोड़

पुलिस चौकी गलोड़ के तहत ग्राम पंचायत गोईस के अंतर्गत विजय कुमार 45 वर्ष पुत्र सीता राम गांव खोरड का घर से आधा किलोमीटर दूर झाड़ियों में शव मिलने से चारों ओर सनसनी फैल गई। विजय कुमार आईआरडीपी परिवार से संबंध रखता था तथा पेंटर का काम करके अपने परिवार का गुजर बसर कर रहा था। विजय कुमार वीरवार सायं के समय घर से पशुओं के लिए चारा लाने के लिए हाथ में दराट लेकर घर से निकला था। जब वह देर शाम तक वापस घर नहीं आया तो परिजनों ने पड़ोसियों के साथ मिल कर देर रात विजय कुमार की तलाश की लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। सुबह जब परिजन तलाश करते करते सीसे स्कूल गलोड़ से लगभग 500 मीटर दूर पानी का नालू नामक स्थान पर पहुंचे तो झाड़ियों में विजय कुमार का शव पड़ा था। उसके निकट ही एक पेड़ की टहनी कटी हुई थी और शव के दूसरी ओर दराट पड़ा हुआ था। इसकी सूचना पुलिस चौकी गलोड़ को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में ले लिया। थाना प्रभारी मस्त राम नाईक भी तुरंत मौके पर पंहुच गए। पुलिस चौकी प्रभारी गलोड़ राजेंद्र कुमार ने परिजनों के बयान कलमबद्ध किए। परिजनों ने किसी पर भी हत्या का कोई शक जाहिर नहीं किया। डीएसपी बड़सर जसवीर सिंह ठाकुर ने घटनास्थल का दौरा किया तथा गहनता से छानबीन की। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों का पता चलेगा। शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल हमीरपुर ले जाया गया। मामले की छानबीन जारी है।

● मामला दर्जकर छानबीन में जुटी पुलिस

खड़ी बस से टकराई बाइक, युवक की मौत

बड़सर। बिझड़ी से धंगोटा सड़क मार्ग पर खड़ी बस से बाइक के टकराने से एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार धंगोटा रोड पर पड़ने वाले पैरवीं गांव के पास सड़क के किनारे खड़ी निजी स्कूल की बस से बाइक पर सवार चार लोग जो बिझड़ी से धंगोटा की ओर जा रहे थे की तेज गति होने के कारण उनकी बाइक बस से टकरा गई तथा गंगाराम पुत्र महाजन गांव जगदीशपुर दरभंगा बिहार की मौके पर ही मौत हो गई। 18 वर्षीय गंगाराम स्वयं अपनी बाइक जिसका नंबर पीवी 46 के 823 है को चला रहा था। जबकि उसकी बाइक पर तीन अन्य लोग सवार थे। डीएसपी बड़सर जसवीर ठाकुर ने मामले की पुष्टि की है।

नप की लचर कार्यप्रणाली पर सवाल

शिवम शर्मा। हमीरपुर

नगर परिषद हमीरपुर में बिलीव ब्वाय के नाम पर वार्ड नंबर 8 से जीत कर आए पार्षद विनय बंटू ने अपनी राजनीतिक इच्छाशक्ति को दर्शाते हुए नगर परिषद की पहली बैठक में नगर परिषद प्रशासन से लिखित तौर पर पूछा है कि शहर में कितनी रेहड़ी-फडी लगती हैं, उनमें से कितनी अधिकृत हैं और कितनी अवैध तौर पर लगाई जा रही हैं। इन रेहड़ी-फडी से टैक्स की उगाही कितनी और किस तरीके से की जाती है, इसका विस्तृत ब्यौरा नगर परिषद उन्हें दे। काबिलेगौर है कि रेहड़ी-फडी को लेकर शहर में चले भ्रष्टाचार की चर्चाएं आम हैं। इसी कड़ी में विनय बंटू ने यह भी जानना चाहा है कि हाऊस टैक्स का क्रॉयटेरिया क्या है। कितना हाऊस टैक्स वर्तमान में वसूला जा रहा है और कितना बकाया शेष है। हाऊस टैक्स की मॉनिटरिंग के लिए नगर परिषद क्या विधि अपना रही है।

विनय बंटू ने सवाल खड़ा किया है कि शहर में किराये पर रहने वाले हजारों लोग ऐसे हैं जिनके किराये की आमदन के हाऊस टैक्स का नगर परिषद के पास कोई हिसाब नहीं है। जोकि टैक्स चोरी का बहुत बड़ा जरिया है। विनय बंटू ने शहर के सार्वजनिक शौचालयों की खस्ता हालत के बारे में भी सवाल उठाया है। उन्होंने कहा है कि बाल स्कूल शौचालय के आसपास लोगों ने पूरी तरह अवैध कब्जा जमाया हुआ है जिससे लोगों को भारी परेशानी होती है।

शौचालयों की हालत इस कदर बदत्तर हो चुकी है कि वहां उनका प्रयोग करना आम आदमी के लिए मुश्किल है, वहीं इनके रखरखाव की ओर नगर परिषद का कोई ध्यान नहीं है। नगर परिषद का करोड़ों का बजट आम आदमी को कोई सुविधा नहीं दे पा रहा है। विनय बंटू के इन सवालों का जवाब देने के लिए नगर परिषद ने एक महीने का समय मांगा है लेकिन हैरानी यह है कि क्या आज तक नगर परिषद हमीरपुर के पास इन मूलभूत सुविधाओं व टैक्स के हिसाब का कोई खाता नहीं है जोकि नगर परिषद की लचर कारगुजारी को दिखा रहा है।

● पार्षद विनय बंटू ने नगर परिषद की बैठक में उठाए मुद्दे

बिना परमिट सामान बेचने पर रेहड़ियां जब्त

हमीरपुर। हमीरपुर नगर परिषद ने शुक्रवार दोपहर के समय वार्ड नंबर 1 अणु कॉलेज के सामने लगने वाली रेहड़ियों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान नगर परिषद के अधिकारियों ने बिना परमिट के रेहड़ी लगाने वाले 3 लोगों की रेहड़ियों को मौके पर जब्त कर लिया। इस दौरान जूस, सब्जी आदि रेहड़ी वालों को बिना परमिट सामान बेचने के चलते उनकी रेहड़ी को मौके पर जब्त किया गया। नगर परिषद हमीरपुर के कार्यकारी अधिकारी केएल ठाकुर ने बताया कि औचक निरीक्षण के दौरान तीन रेहड़ी-फडी वालों को परमिट न होने के चलते उठाया गया है व उनसे जुर्माना भी वसूला जाएगा।

महाल को जल्द मिलेगा बसंतपुर का नाम

सुरेश कश्यप। टौणीदेवी

जिला हमीरपुर के महाल ढवाल गांव का जल्द ही नाम तबदील हो जाएगा। इस गांव को बसंतपुर के नाम से पहचान मिलेगी। जिला के महाल ढवाल गांव को अब बसंतपुर के नाम से पहचाना जाएगा। लोगों द्वारा लंबे समय से उठाई जा रही इस मांग पर अब अंतिम मुहर राज्यपाल लगाएंगे। टौणीदेवी ब्लॉक के अधीन पड़ने वाले इस गांव में करीब 160 सदस्य रहते हैं। इन सदस्यों के पहचान पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस, स्कूली दस्तावेज, पंचायत रिकॉर्ड व अन्य स्थानों पर गांव का नाम बसंतपुर दर्ज है। जबकि राजस्व विभाग के रिकॉर्ड में महाल ढवाल से नाम अंकित है। यह समस्या तब पैदा हुई जब एक ही दस्तावेज की पहचान साबित करना लोगों के लिए मुश्किल पड़ने लगा। इस समस्या को लेकर गांव का एक प्रतिनिधिमंडल पूर्व मुख्यमंत्री प्रो. प्रेम कुमार धूमल से काफी समय पहले मिला। यहां से जारी हुई डाक के माध्यम से यह मामला राज्यपाल कार्यालय शिमला पहुंचा। यहां से जारी हुए आदेश के मुताबिक मामले पर राजस्व विभाग से ग्राउंड रिपोर्ट मांगी गई। उपायुक्त कार्यालय हमीरपुर में पहुंचे इस आदेश पत्र के बाद तहसीलदार टौणीदेवी से रिपोर्ट मांगी गई। उक्त गांव अब नायब तहसीलदार भू-व्यवस्था वृत टौणीदेवी के अधीन आता है। लिहाजा भू-व्यवस्था वृत के स्थानीय पटवारी ने मांगी गई रिपोर्ट के मुताबिक संपूर्ण दस्तावेज तैयार कर आगे भेज दिए हैं। नायब तहसीलदार भू-व्यवस्था वृत टौणीदेवी से जारी हुई इस रिपोर्ट के मुताबिक महाल ढवाल मौजा उगयालता तहसील बमसन स्थित टौणीदेवी जिला हमीरपुर के अधीन आता है। इस गांव में रहने वाले लोगों के हर पहचान पत्र व प्रमाण पत्रों में गांव का नाम बसंतपुर दर्ज है जबकि राजस्व विभाग के रिकॉर्ड में महाल ढवाल दर्ज है। यदि इस गांव का नाम तबदील हो जाता है तो जिला हमीरपुर का यह पहला गांव होगा जिसका नाम तबदील होगा। उधर नायब तहसीलदार भू-व्यवस्था वृत टौणीदेवी कपिल देव बाली ने बताया कि इस गांव की संपूर्ण रिपोर्ट मांगी गई थी। तैयार की गई रिपोर्ट में पाया गया कि सभी दस्तावेजों में गांव का नाम बसंतपुर दर्ज है। जबकि राजस्व विभाग के रिकॉर्ड में महाल ढवाल है। इसकी सारी रिपोर्ट आगे प्रेक्षित कर दी है।

● राजस्व विभाग ने राज्यपाल को संपूर्ण रिपोर्ट सहित भेजा मामला

बिलासपुर के कृष ने जीता स्वर्ण पदक

हिमाचल दस्तक। बिलासपुर



शिमला में 10 व 11 फरवरी को आयोजित हुई प्रथम एमटीबी राज्य स्तरीय साइकिलिंग प्रतियोगिता में बिलासपुर के खिलाड़ियों का बेहतर प्रदर्शन रहा। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में बिलासपुर के युवाओं ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण व रजत पदक हासिल किया। बिलासपुर साइकिलिंग संघ के प्रेस सचिव कर्ण चंदेल ने बताया कि अंडर-16 आयु वर्ग में कृष ने स्वर्ण पदक व प्रांशु ने रजत पदक हासिल किया। वहीं 14 वर्ष में गौरांश को बेस्ट राइडर व अंडर-17 में आर्यन ने छठा स्थान प्राप्त किया। टीम के साथ जिला संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सचिन भारद्वाज व प्रणव चंदेल कोच व मैनेजर के रूप में रहे। वहीं जिला साइकिलिंग संघ के महासचिव विशाल जगोता भी प्रतियोगिता में विशेष रूप से उपस्थित रहे। राज्य स्तरीय साइकिलिंग प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन करने पर जिला साइकिलिंग संघ के अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार, वरिष्ठ उपप्रधान कमल महाजन, उपप्रधान सचिन वशिष्ठ, महासचिव विशाल जगोता, सहसचिव जितेंद्र ठाकुर, कोषाध्यक्ष विशाल, पीआरओ नरेश, प्रेस सचिव कर्ण चंदेल, अनिरुद्ध, सदस्य सौरभ, मुकेश, सचिन, पवन, ओपी गौतम, शुभम मदान, चमन व प्रणव चंदेल ने प्रतिभागियों को बधाई दी है। जिला साइकिलिंग संघ के महासचिव विशाल जगोता ने बताया कि बिलासपुर के युवा साइकिलिस्ट विशाल ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सभी का दिल जीत लिया। उसके साइकिलिंग के प्रति जुनून को देखते हुए शिमला के एक व्यवसायी ने उसे साइकिल भेंट की।

● राज्य स्तरीय साइकिलिंग प्रतियोगिता में झटका मेडल

न्यूज फटाफट

प्रशासन ने प्रभावितों को दी आर्थिक सहायता

बिलासपुर। बिलासपुर जिला भाजपा मुख्य प्रवक्ता रूप लाल ठाकुर ने बताया कि वीरवार को थाना सदर के पास एक सड़क हादसे में काल का ग्रास बने बंदला पंचायत के धनालग गांव निवासी प्रेम लाल के परिवार वालों को जिला प्रशासन की ओर से आर्थिक मदद मुहैया करवाई गई। जिला प्रशासन की ओर से नायब तहसीलदार रेखा शर्मा द्वारा 25 हजार रुपये की राशि मृतक के बेटे संदीप कुमार को दी गई। एक अन्य मामले में भी वीरवार रात अज्ञात वाहन की चपेट में आए परमानंद पुत्र दुर्गा राम के परिवार को भी 25 हजार रुपये की राशि दी गई। लाड़ाघाट के बढ़ोह को जाने वाले संपर्क मार्ग के पास परमानंद को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी, जिससे उसकी मौत हो गई थी।

हरनोडा में लोगों को बताई बैंक की योजनाएं

बरमाणा। हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक की हरनोडा शाखा की ओर से नाबार्ड के सौजन्य व आरबीआई के निर्देशानुसार हरनोडा गांव में वितिय साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इसमें लोगों को सरकार एवं बैंक की ओर से चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। जिनमें कैशलेस बैंकिंग, यूपीआई, वीएसएसडी, हिम ऐप तथा एटीएम शामिल हैं। इस अवसर पर शाखा प्रबंधक हरी राम भारद्वाज, सह प्रबंधक रतन लाल, राजकुमार, प्रोमिला उपस्थित रहे।

शिकायतों पर ध्यान दें स्वास्थ्य मंत्री : बंबर ठाकुर

बिलासपुर। जिला कांग्रेस पार्टी के प्रमुख नेता एवं पूर्व विधायक बंबर ठाकुर ने स्थानीय क्षेत्रीय अस्पताल में दवाइयों के विषय में उनके पास बार-बार आ रही रोगियों की शिकायतों की ओर स्वास्थ्य मंत्री और मुख्यमंत्री का ध्यान खींचते हुए इस मामले में तुरंत हस्तक्षेप करने की मांग की है। उन्होंने यहां पर जारी बयान में कहा कि बिलासपुर क्षेत्रीय अस्पताल में पिछले काफी समय से एक ही मेडिसन विशेषज्ञ है। जिस कारण यहां पर आने वाले रोगियों को आए दिन परेशान होना पडता है। प्रदेश सरकार को चाहिए कि यहां पर मेडिसन विशेषज्ञ का पद भरा जाए।

दंत तकनीशियन पर अश्लील हरकते करने का आरोप

बिलासपुर। बिलासपुर के झंडा क्षेत्र की एक महिला ने सीएससी गसौड में कार्यरत एक दंत तकनीशियन पर अश्लील हरकतें करने का आरोप लगाया है। बिलासपुर महिला पुलिस थाना ने पीड़ित महिला की शिकायत पर मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। पीडित महिला ने पुलिस में दर्ज शिकायत में कहा कि वह गत छह फरवरी को गसौड में दांत की दर्द को चेक करवाने गई थी। जहां पर दंत चिकित्सक ने उन्हें दंत चिकित्सक से चेक करवाने को कहा। वह दांत चेक करवाने के लिए चली गई। जहां पर दंत तकनीशियन ने उसके साथ अश्लील हरकते करने का प्रयास किया। उन्होंने बाद में इस संबंध में अपने परिवार के सदस्यों को इस संबंध में अवगत करवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

'दिल मिलेयां दी जोड़ी' यू-ट्यूब पर रिलीज

बिलासपुर। बिलासपुर में शुक्रवार को हिमाचली गायक पम्मी ठाकुर व श्रुति शर्मा द्वारा गाया गीत दिल मिलेयां दी जोड़ी यू-ट्यूब पर रिलीज हो गया। इस गीत को दोनों कलाकारों ने बिलासपुर के परिधि गृह में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान रिलीज किया। गायक पम्मी ठाकुर व श्रुति शर्मा ने बताया कि इस गीत का संगीत सुशील गोगी ने तैयार किया है जबकि वीडियो डायरेक्टर डानी राणा है। गीत को बिलासपुर के कोलडैम क्षेत्र के आसपास शूट किया गया है। उन्होंने बिलासपुर की खूबसूरती की प्रशंसा करते हुए कहा कि यहां काफी अच्छी लोकेशन हैं जहां उनके आने वाले गीतों की शूटिंग करने की योजना बनाई जाएगी।

घुमारवीं में भामसं के कार्यालय का उद्घाटन

घुमारवीं। घुमारवीं में शुक्रवार को कामगारों को लाभान्वित करने के लिए दकड़ी चौक पर हिमाचल प्रदेश निर्माण कामगार संघ से संबंध भारतीय मजदूर संघ के कार्यालय का शुभारंभ किया गया। इसका शुभारंभ खाद्य आपूर्ति मंत्री राजेंद्र गर्ग ने किया। इस अवसर पर भामसं के जिला अध्यक्ष शालिग्राम ने बताया कि भारतीय मजदूर संघ पूरे भारत का सर्वश्रेष्ठ संघ है।

थुराण में 16 को सुनी जाएंगी समस्याएं

बिलासपुर। बिलासपुर के उप निदेशक जिला सैनिक कल्याण बोर्ड लैफ्टिनेंट कर्नल पीएस अत्री रिटायर्ड सेना मेडल ने जिले के पूर्व सैनिकों, वीर नारियों, पूर्व सैनिक विधवाओं उनके आश्रितों तथा अर्धसैनिक बलों के जवान व उनके परिवारों से कहा है कि 16 फरवरी को थुराण में 11 बजे उनकी समस्याएं सुनी जाएंगी।

राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र
(महानिदेशालय स्वास्थ्य सेवाएं)
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार
22- शामनाथ मार्ग, दिल्ली-110054. दूरभाष: 011-23989072

2 वर्षों की भारतीय महामारी आसूचना सेवा (ईआईएस) कार्यक्रम हेतु आवेदन आमंत्रित

एनसीडीसी, सीडीसी के साथ सहयोग में यूएसए जिला, राज्य व राष्ट्रीय स्तरों पर नेतृत्व में कौशल तथा जानपादिक रोग विज्ञान epidemiology के क्षेत्र में जनस्वास्थ्य व्यवसायिकों को तैयार करने पर लक्षित इंडिया ईआईएस प्रोग्राम चलाता है।

संभावित जुलाई 2021 में प्रारंभ होने वाले इंडिया ईआईएस प्रोग्राम में नामांकन हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। अधिक जानकारी व निर्दिष्ट आवेदन प्रपत्र हेतु कृपया http://www.ncdc.gov.in पर पधारें।

आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि- 15 मार्च 2021.

DAVP : 17129/11/0008/2021

आइनॉक्स विंड लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालय: प्लॉट नं. 1, खसरा नं. 264 से 267, इंडस्ट्रीयल एरिया, गौंव-बसाल, जिला ऊना –174303, हिमाचल प्रदेश
सीआईएन: L31901HP2009PLC031083 | टेलीफोन/फैक्स: 01975-272001 | ई-मेल: investors.iwl@inoxwind.com | वेबसाइट: www.inoxwind.com

31 दिसम्बर 2020 को समाप्त तिमाही एवं नौ–माह हेतु समेकित अनअंकेक्षित वित्तीय परिणामों का उद्धरण (रुपये लाखों में)

क्र. सं.	विवरण	31.12.2020 को समाप्त तिमाही अनअंकेक्षित	31.12.2020 को समाप्त नौ–माह अनअंकेक्षित	31.12.2019 को समाप्त तिमाही अनअंकेक्षित
1.	प्रचालनों से कुल आय	20,380	47,155	17,274
2.	कर पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि)	(8,528)	(31,137)	(4,183)
3.	कर पश्चात् अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि)	(5,197)	(20,125)	(2,747)
4.	अवधि हेतु कुल व्यापक आय [अवधि हेतु लाभ/(हानि) (कर पश्चात्) तथा अन्य व्यापक आय (कर पश्चात्) शामिल]	(5,158)	(20,100)	(2,701)
5	संचित पुर्न मूल्यांकन संचित के अतिरिक्त	-	-	-
6.	प्रदत्त समता अंश पूंजी (अंकित मूल्य रु 10 प्रत्येक)	22,192	22,192	22,192
7.	प्रति अंश आय (अंकित मूल्य रु 10 प्रत्येक) (गैर वार्षिकृत)			
	मूलभूत (रु. में)	(2.34)	(9.07)	(1.24)
	तरल (रु. में)	(2.34)	(9.07)	(1.24)

टिप्पणीयां:

1. उपरोक्त वित्तीय परिणाम लेखापरीक्षा समिति द्वारा समीक्षित किए गए तथा 12 फरवरी 2021 को आयोजित बैठक में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किये गए। कम्पनी के सांविधिक अंकेक्षकों ने उपरोक्त वित्तीय परिणामों की सीमित समीक्षा की है।
2. उपरोक्त परिणाम सेबी (लिस्टिंग दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियम 33 के अन्तर्गत स्टॉक एक्सचेन्जों के पास दाखिल किए गए तिमाही वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का सारांश है। अनअंकेक्षित एकल एवं समेकित वित्तीय परिणामों का सम्पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेन्जों की वेबसाइटों (www.bseindia.com एवं www.nseindia.com) एवं कम्पनी की वेबसाइट (www.inoxwind.com) पर उपलब्ध है।
3. एकल वित्तीय परिणामों पर जानकारी है : (रुपये लाखों में)

क्र. सं.	विवरण	31.12.2020 को समाप्त तिमाही अनअंकेक्षित	31.12.2020 को समाप्त नौ–माह अनअंकेक्षित	31.12.2019 को समाप्त तिमाही अनअंकेक्षित
1.	प्रचालनों से कुल आय	15,764	35,249	19,837
2.	कर पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि)	(7,339)	(22,457)	(687)
3.	कर पश्चात् अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि)	(4,778)	(14,242)	(453)

निदेशक मंडल के आदेश से
आइनॉक्स विंड लिमिटेड
हस्ता/–
देवांश जैन
निदेशक

स्थान: नोएडा
तिथि: 12 फरवरी, 2021

स.भा.सी.पु./14वीं वा./स्था./न्या. जांच (है.का./जी.डी. रणवीर सिंह)/2021-503

कार्यालय सेनानी, 14वीं वाहिनी
भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल
गृह मंत्रालय भारत सरकार
पत्रालय-जाजरदेवल, जिला-पिथौरागढ़ (उत्तराखण्ड)

दिनांक : 29/1/2021

// नोटिस //

दल संख्या 040211645 है. का./जी.डी. रणवीर सिंह, 14वीं वाहिनी, भा.ति.सी. पुलिस बल सपुत्र स्व. श्री दलेल सिंह, स्थाई पता गांव-रोपडी (ROPRI), पो.ओ.-रोपडी (ROPRI), तहसील-बड्सर (BARSAR), पुलिस स्टेशन-हमीरपुर (HAMIRPUR), जिला-हमीरपुर (HAMIRPUR) हिमाचल प्रदेश (HIMACHAL PRADESH), पिन कोड-176041, को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आप दिनांक 20.09.2020 (अप्रा.) से 14वीं वाहिनी, भा.ति.सी. पुलिस बल मुख्यालय, पत्रालय-जाजरदेवल, जिला-पिथौरागढ़ (उत्तराखण्ड) से बिना सक्षम अधिकारी की अनुमति/अवकाश के स्वेच्छा से अनुपस्थित चल रहे हैं। इस कार्यालय के पंजीकृत पत्र संख्या 7525-29 दिनांक 13.11.20 एवं पत्र संख्या 120-22 दिनांक 11.01.2021 के तहत आपको वाहिनी मुख्यालय में आमद देने हेतु निर्देशित किया गया है, परंतु आप वाहिनी मुख्यालय, जाजरदेवल (पिथौरागढ़) में आमद नहीं हुए एवं ना ही आपने अपने गृहनगर के समीप स्थित बल की किसी भी वाहिनी/फारमेशन में रिपोर्ट की है व न ही कोई प्रमाण रिपोर्ट करने संबंधी उपलब्ध करवाया गया है। आपकी इस तरह की कार्रवाई भा.ति.सी.पु. बल अधिनियम 1992 के तहत अपराध है तथा आपके इस अपराध के लिए इस कार्यालय के आदेश संख्या 8039-56 दिनांक 24.12.20 के अनुसार भा.ति.सी. पुलिस बल अधिनियम 1992 की धारा 74 (2) के तहत आपको दिनांक 20.09.20 से बल से "**भगौड़ा**" घोषित कियाजा चुका है, जिसकी प्रति आपके स्थाई पते पर पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट से भेजी जा चुकी है। तथा आपको 14वीं वाहिनी, भा.ति.सी.पु. बल मुख्यालय में शीघ्र ड्यूटी पर आमद होने के लिए निर्देशित किया गया था, परन्तु आपके द्वारा ड्यूटी पर अपनी आमद नहीं की गई। इसके अलावा भा.ति.सी. पुलिस बल अधिनियम 1992 की धारा 72 एवं 73 में दिए गए प्रावधानों के अनुरूप में इस कार्यालय के पत्र संख्या 410-23 दिनांक 05.10.20 के तहत पुलिस अधीक्षक, जिला-हमीरपुर (हिमाचल प्रदेश) को आपको गिरफ्तार कर आपको 14वीं वाहिनी भा.ति.सी. पुलिस बल, जाजरदेवल पिथौरागढ़ (उत्तराखण्ड) को सुपुर्द करने हेतु अनुरोध किया गया परंतु पुलिस द्वारा अभी तक आपको 14वीं वाहिनी भा.ति.सी. पुलिस के सुपुर्द नहीं किया गया है।

2. आपके दिनांक 20.09.2020 (अप्रा.) से लगातार 30 दिनों से अधिक समय तक सक्षम अधिकारी की बिना अनुमति/अवकाश के अनुपस्थित रहने पर भा.ति.सी. पुलिस बल अधिनियम-1992 की धारा 74(1) में दिए गए प्रावधानों के अंतर्गत 14वीं वाहिनी, भा.ति.सी. पुलिस के कार्यालय आदेश संख्या 1687 दिनांक 22.10.2020 के अनुसार एक न्यायिक जांच समिति का गठन किया गया था। न्यायिक जांच समिति की राय एवं संस्तुति के आधार पर आपको भा.ति.सी. पुलिस बल अधिनियम-1992 की धारा 74(2) में दिए गए प्रावधानों के अनुसार 14वीं वाहिनी, भा.ति.सी. पुलिस के आदेश संख्या 8039-56 दिनांक 24.12.20 के अनुसार अनुपस्थित होने की तिथि 20.09.20 से बल से "**भगौड़ा**" घोषित कर दिया गया है, जिसकी एक प्रति आपको पंजीकृत डाक से आपके स्थाई गृहनगर के आवासीय पते पर भेज दी गई है। इसके अतिरिक्त इस कार्यालय के पंजीकृत पत्र संख्या 366 दिनांक 23.01.21 के तहत आपको कारण बताओ नोटिस (Show Cause Notice) भी जारी किया गया है।

अत: दल संख्या 040211643 है.का./जी.डी. रणवीर सिंह, 14वीं वाहिनी, भा.ति.सी.पुलिस बल सपुत्र स्व. श्री दलेल सिंह, स्थाई पता गांव-रोपडी (ROPRI) पो.ओ.-रोपडी (ROPRI), तहसील-बडसर (BARSAR) पुलिस स्टेशन-हमीरपुर (HAMIRPUR), जिला-हमीरपुर (HAMIRPUR) हिमाचल प्रदेश (HIMACHAL PRADESH) पिन कोड-176041, को पुन: सूचित करते हुए निर्देशित किया जाता है कि इस नोटिस के समाचार पत्र में प्रकाशित होने के 30 दिन के अन्दर ड्यूटी हेतु अपनी आमद 14वीं वाहिनी मुख्यालय, भा.ति.सी.पु. जाजरदेवल, पिथौरागढ़ (उत्तराखण्ड) में दें अथवा अपने बचाव पक्ष में दस्तावेज प्रस्तुत कर सकते हैं अन्यथा यह समझा जाएगा कि आपको इस संबंध में कुछ नहीं कहना है और तदनुसार उचित आदेश पारित कर दिए जाएंगे।

सेनानी
14वीं वाहिनी, भा.ति.सी.पुलिस

DAVP : 19112/11/0199/2021